भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3211

(दिनांक 11.03.2026 को उत्तर देने के लिए)

बस्तर में ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन का प्रसारण एवं कवरेज

3211. श्री महेश कश्यपः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को छत्तीसगढ़ के बस्तर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में ऑल इंडिया रेडियो (आकाशवाणी) और दूरदर्शन के स्थायी केंद्रों/रिले केंद्रों की अपर्याप्त संख्या के बारे में जानकारी है;

(ख) यदि हाँ, तो छत्तीसगढ़ के बस्तर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जगदलपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर और कोंडागांव जिलों सहित वर्तमान में संचालित ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) और दूरदर्शन (डीडी) केंद्रों/ रिले स्टेशनों की स्थानवार प्रसारण क्षमता और कवरेज क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि बस्तर के कई दूरस्थ, जनजातीय और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन के कार्यक्रमों का स्पष्ट प्रसारण उपलब्ध नहीं है या सिग्नल अत्यंत कमजोर हैं;

(घ) क्या सरकार द्वारा बस्तर क्षेत्र में नए ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन केंद्र, एफएम/लो पावर ट्रांसमीटर (एलपीटी) या डिजिटल ट्रांसमिशन इकाइयां स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

(ङ) यदि हाँ, तो इस हेतु आवंटित बजट और प्रस्तावित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) बस्तर क्षेत्र में स्थानीय जनजातीय बोलियों (गोंडी, हल्बी, भतरी आदि) में कार्यक्रमों के प्रभावी प्रसार और शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा से संबंधित संदेशों के प्रसारण के लिए सरकार द्वारा क्या विशेष उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (च): आकाशवाणी बस्तर, छत्तीसगढ़ में 4 स्टेशन संचालित करता है। इनमें जगदलपुर में एक पूर्ण विकसित स्टेशन शामिल है, जिसमें एक 100 किलोवाट मीडियम वेव (एमडब्ल्यू)

ट्रांसमीटर तथा एक 100 वाट एफएम ट्रांसमीटर है, साथ ही नारायणपुर, बैलाडीला और कोंटा में तीन 100 वाट एफएम रिले स्टेशन स्थित हैं। आकाशवाणी जगदलपुर से एमडब्ल्यू प्रसारण पूरे बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र को कवर करता है, जबकि जगदलपुर, नारायणपुर, कोंटा और बैलाडीला में स्थित एफएम ट्रांसमीटर लगभग 10-20 किलोमीटर के दायरे में कवरेज प्रदान करते हैं।

बस्तर क्षेत्र में एफएम प्रसारण के कवरेज को और बढ़ाने के लिए, 2021-26 की प्रसारण अवसंरचना एवं नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) स्कीम के अंतर्गत कुल 39.70 करोड़ रुपये की लागत से 4 नए एफएम ट्रांसमीटरों की स्थापना को अनुमोदन दिया गया है। इनमें जगदलपुर में 10 किलोवाट का एफएम ट्रांसमीटर, नारायणपुर और बैलाडीला, प्रत्येक में 5 किलोवाट के एफएम ट्रांसमीटर तथा कोंडागांव में 1 किलोवाट का एफएम ट्रांसमीटर शामिल है।

इसके अतिरिक्त, डीडी छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ राज्य के लिए समर्पित एक 24×7 दूरदर्शन चैनल है, जिसका प्रसारण दूरदर्शन केंद्र, रायपुर से किया जाता है। यह चैनल बस्तर क्षेत्र सहित पूरे राज्य की कला, संस्कृति, विरासत, साहित्य, परंपराओं, लोगों, विशिष्ट व्यक्तित्व, समाचार और समसामयिक विषयों से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण करता है। डीडी छत्तीसगढ़ विभिन्न सरकारी स्कीमों और उनके कार्यान्वयन से संबंधित कार्यक्रमों तथा समाचारों का भी नियमित प्रसारण करता है। इसके अतिरिक्त, जगदलपुर स्थित प्रोग्राम जेनरेटिंग फैसिलिटी (पीजीएफ) द्वारा निर्मित कार्यक्रम विशेष रूप से स्थानीय आदिवासी समुदायों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए जाते हैं और उनका नियमित प्रसारण डीडी छत्तीसगढ़ पर किया जाता है।

दूरदर्शन की फ्री-टू-एयर डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवा "डीडी फ्री डिश" पूरे देश में उपलब्ध है, जिसमें बस्तर के दूरस्थ, आदिवासी तथा नक्सल-प्रभावित क्षेत्र भी शामिल हैं। दूरदर्शन के सभी चैनलों (डीडी छत्तीसगढ़ सहित) के अतिरिक्त, अनेक आकाशवाणी चैनल, प्राइवेट टीवी चैनल तथा शैक्षिक चैनल भी डीडी फ्री डिश पर उपलब्ध हैं।

इसके अलावा, "न्यूज़ऑनएयर" मोबाइल ऐप के माध्यम से मोबाइल फोन पर 260 से अधिक आकाशवाणी चैनल उपलब्ध हैं। प्रसार भारती ने वर्ष 2024 में अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म "वेव्स" भी शुरू किया है, जो बहु-विधा डिजिटल स्ट्रीमिंग एग्रीगेटर है और सूचना-मनोरंजन सामग्री प्रदान करता है। दूरदर्शन और आकाशवाणी नेटवर्क के विभिन्न चैनलों को भी वेव्स प्लेटफॉर्म में एकीकृत किया गया है, जिससे देशभर के लोगों के लिए सूचना, शिक्षा और सांस्कृतिक सामग्री तक आसानी से उपलब्ध हो गई है।

*****